म.प्र.ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण

(म.प्र.शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अधीन)
खण्ड–2, पंचम तल,पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स भोपाल

क्र.10288 / वि–12 / प्रशा. / म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा. / 5–232 / 2020   भोपाल दिनांक 08 / 07 / 2020

प्रति ,

प्रबंध संचालक,
मध्यप्रदेश माध्यम,
अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

विषय : विज्ञप्ति सूचना प्रकाशन बावत्।

कृपया संलग्न विज्ञप्ति क्रमांक 10287 दिनांक 08/07 / 2020 के संदर्भ में सूचना निम्नलिखित समाचार पत्रों में एक बार प्रकाशित करवाने का कष्ट करें :–

1. दैनिक भास्कर (म.प्र. के समस्त संस्करण)
2. दैनिक पत्रिका (म.प्र. के समस्त संस्करण)
3. टाईम्स ऑफ इंडिया (दिल्ली संस्करण)
4. रोजगार एवं निर्माण, मध्यप्रदेश
5. प्रदेश टुडे, मध्यप्रदेश

म.प्र.ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण मध्य प्रदेश शासन के पूर्ण स्वामित्व एवं नियंत्रण वाली संस्था है। अतः यह विज्ञापन DAVP दरों पर ही जारी किये जायें।

प्रकाशित विज्ञापन की एक प्रति, बिल के साथ भेजने का कष्ट करें।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन)
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
भोपाल

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

विज्ञप्ति

प्राधिकरण मुख्यालय भोपाल एवं जिले की इकाईयों हेतु विज्ञप्ति क्र. 6310 दिनांक 04/06/2020 द्वारा विभिन्न पदों पर प्रतिनियुक्ति एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा आधार पर, चयन हेतु अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए गए थे, जिसमें पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 25/06/2020 निर्धारित की गई थी। कोविड–19 एवं लॉक–डाउन के कारण डाक एवं संचार व्यवस्थाएं सुचारू रूप से न चलने के कारण उक्त विज्ञप्ति के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की **अन्तिम दिनांक 21/07/2020** सांय 5.30 बजे तक निर्धारित की जाती है।

आवेदन पत्र प्रशासन शाखा के ई–मेल gmamprrda@gmail.com पर भी प्रेषित किए जा सकेंगें। प्राधिकरण के अन्य किसी शाखा के ई–मेल पर प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किए जावेंगें। जिन अभ्यर्थियों ने इस विज्ञप्ति के संदर्भ में पूर्व में विभिन्न पदों हेतु आवेदन किया है उन्हें पृथक से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, उनके पूर्व के आवेदन पत्र जो दिनांक 21/07/2020 तक सांय 5.30 बजे तक प्राप्त हो जायेगें वे मान्य होगें। नये अभ्यर्थी भी अंतिम तिथि तक आवेदन करने हेतु पात्र होगें। इस संशोधित अंतिम तिथि (21.07.2020, सांय 5.30 बजे तक) के पश्चात किभी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र के प्रारूप आदि प्राधिकरण बेवसाईट mprrda.com/default.html पर उपलब्ध है।

क्र. 10287 दिनांक 08/07/2020

मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन)